मैं श्याम तुम्हारा प्रेमी हूँ | by Gyan Pankaj

मैं श्याम तुम्हारा प्रेमी हूं इतनी सी मेरी कहानी है
सर झुका है तेरे चरणों में आंखों में प्रेम का पानी है...2
मैं श्याम तुम्हारा प्रेमी हूं.....

कितने ही जन्म गुजार दिए, तब जाकर तुझको पाया है
तुमने ही अपना होने का, मुझको एहसास दिलाया है
कहीं और क्यों मैं फरियाद करूं
क्यों और किसी को याद करो
मतलब की दुनिया पर बाबा
क्यों वक्त अपना बर्बाद करूं
मैं श्याम तुम्हारा प्रेमी हूं....

मैंने तेरे इस मंदिर को, अब अपना ठिकाना बना लिया
तेरे जलवों ने हीं बाबा, मुझे तेरा दीवाना बना दिया
तुम सामने मेरे बैठे रहो
मैं मीठे भजन सुनाता रहूं
तुम प्रेम निभाते रहना प्रभु
मैं अपना फर्ज निभाता रहूं
मैं श्याम तुम्हारा प्रेमी हूं.....

कल क्या होगा इस पंकज का. तुम जानो काम तुम्हारा है
जैसे चाहो वैसे रखना, मुझ पर अधिकार तुम्हारा है
चाहे सांस चले या थम जाए
मन इन चरणों में रमजान
तुम रहना प्रभु मेरे मन में
फिर और ना कोई रह पाए
मैं श्याम तुम्हारा प्रेमी हूं इतनी सी मेरी कहानी है
सर झुका है तेरे चरणों में आंखों में प्रेम का पानी है...2
मैं श्याम तुम्हारा प्रेमी हूं.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%87%e0%a4%ae/